कक्षा – VIII　　　　विषय – हिन्दी　　　　सेट – III

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

I　निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 1 से 3 तक के उत्तर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर दीजिए :–

सुना है कभी
रात के सन्नाटे में अँधेरे से मुँह ढाँप
किस कदर रोती हैं नदियाँ ?
इस घाट अपने कपड़े और मवेशियाँ धोते
सोचा है कभी कि उस घाट
पी रहा होगा कोई प्यासा पानी
या कोई स्त्री चढ़ा रही होगी
किसी देवता को अर्घ्य ?

1) उपर्युक्त पंक्तियों में किस समस्या की ओर संकेत किया गया है ?

(A) वायु प्रदूषण की समस्या

(B) ध्वनि प्रदूषण की समस्या

(C) जल प्रदूषण की समस्या

(D) पूजा की समस्या

2) रात के सन्नाटे में नदियाँ क्यों रोती हैं ?

(A) पानी की कमी

(B) प्रदूषित होने के कारण

(C) वर्षा नहीं होने के कारण

(D) जनसंख्या वृद्धि के कारण

3) अर्ध्य का अर्थ होगा –

(A) अर्पण

(B) धन

(C) आधा

(D) धान

II कारक के चिह्नों से प्रश्न संख्या 4 से 6 में दिए गए रिक्त स्थानों को भरिए –

4) राम .... रावण को मारा।

(A) द्वारा (B) से (C) का (D) ने

5) शिकारी ने शेर को बंदूक .... मारा।

(A) ने (B) का (C) से (D) पर

6) लड़कियाँ चटाई .... बैठी हैं।

(A) पर (B) से (C) द्वारा (D) को

III नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए –

भारतीय समाज पूरी दुनिया में अपनी अनेकता में एकता के लिए जाना जाता है। सभी समुदाय के लोग एक–दूसरे के साथ हमेशा सुख–दुःख में खड़े रहते हैं। पर इधर लगातार समुदायों के बीच मतभेद बढ़ रहा है। खान–पान के नाम पर घृणा फैलाकर इंसान को इंसान के खिलाफ खड़ा किया जा रहा है। देश के लोग भुखमरी से मर रहे हैं, इसलिए जरूरी है कि समाज के बीच प्रेम के रिश्ते बनें।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर प्रश्नसंख्या 7 एवं 8 के उत्तर दीजिए –

7) भारतीय समाज किस बात के लिए जाना जाता है –

(A) अनेकता में एकता (B) भाषा की एकता

(C) खान–पान की एकता (D) धार्मिक एकता

8) उपर्युक्त गद्यांश है –

(A) एकांकी

(B) नाटक

(C) लेख

(D) पत्र

9) झारखण्ड के दो सपूत शीर्षक पाठ में 'छोटानागपुर का शेर' किन्हें कहा गया है ?

(A) राजेन्द्र प्रसाद

(B) बिरसा मुंडा

(C) जयपाल सिंह मुंडा

(D) बाबू रामनारायण सिंह

10) 'राम का भरत को संदेश' शीर्षक पद्य में भरत के आग्रह पर श्रीराम ने अपनी कौन सी वस्तु भरत को दी –

(A) मुकुट

(B) चरण पादुका

(C) राज सिंहासन

(D) धनुष

11) 'पुष्प की अभिलाषा' शीर्षक कविता के कवि हैं –

(A) माखनलाल चतुर्वेदी

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) निर्मला पुतुल

(D) सुमित्रा नंदन पंत

12) 'तालाब बाँधता धरम सुभाव' किस विधा से संबंधित पाठ है –

(A) कहानी

(B) नाटक

(C) यात्रा वृत्तांत

(D) निबंध

13) 'अपराजिता' पाठ में डॉ. चन्द्रा निम्नलिखित में से क्या बनना चाहती थी?

(A) शिक्षिका

(B) डॉक्टर

(C) वकील

(D) ऑफिसर

14) 'गुरू–शिष्य' पाठ के अनुसार लेखक कानपुर से शर्म के मारे भाग आया था, क्योंकि –

(A) वह प्रथम श्रेणी भी नहीं ला सका

(B) वह उत्तीर्ण नहीं हो सका

(C) वह परीक्षा नहीं दे सका

(D) वह परीक्षा में टॉप कर सका।

15) झारखण्ड की राजधानी राँची से हुडरू जलप्रपात की दूरी है?

(A) 20 मील

(B) 25 मील

(C) 27 मील

(D) 30 मील

16) अशुद्ध शब्द चुनिए –

(A) मातृभाषा

(B) क्रित्रिम

(C) क्षत्रिय

(D) ऋणी

17) 'अतिवृष्टि' शब्द का विलोम शब्द चुनिए –

(A) अनावृष्टि

(B) वृष्टि

(C) अनुरक्ति

(D) विरक्ति

18) 'कपड़ा' शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है –

(A) वस्त्र

(B) अम्बर

(C) वसन

(D) आकाश

19) 'प्रतिकूल कार्य करना' से संबंधित मुहवरा है –

(A) एड़ी चोटी एक करना

(B) ओखली में सिर देना

(C) उल्टी गंगा बहाना

(D) आग में घी डालना

20) 'निराशा' शब्द का सन्धि–विच्छेद होगा –

(A) निर + आशा

(B) नि + आशा

(C) निरा + शा

(D) निः + आशा

कक्षा – VIII **विषय – हिन्दी** **सेट – III**

उत्तर :–

1 – C
2 – B
3 – A
4 – D
5 – C
6 – A
7 – A
8 – C
9 – D
10 – B
11 – A
12 – D
13 – B
14 – A
15 – C
16 – B
17 – A
18 – D
19 – C
20 – D